देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर

तवांग के बाद पहली बार नॉर्थ-ईस्ट पहुंचे... 12 | केंद्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय एव

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ वर्षः 14 | अंकः 69 मूल्यः ₹3.00/- पेज : 12 सोमवार | 19 दिसंबर, 2022

# छात्राओं को शिक्षा से रोजगार पाने के तरीके बताए



जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान संकाय में रविवार को रोजगार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला मेधा लर्निंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित हुई जो कि मेधावी युवाओं को रोज़गार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास करने के लिए शुरू की गई। कार्यशाला में संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष शुक्ला एवं स्टूडेंट रिलेशनशिप मैनेजर कृति द्विवेदी ने छात्राओं को शिक्षा से रोजगार पाने के तरीके एवं स्वरोजगार एवं स्टार्टअप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कम्युनिकेशन स्किल्स पर छात्र छात्राओं का ध्यान केंद्रित करते हुए बताया कि स्किल डेवलपमेंट की वजह से हमारा व्यक्तित्व और अधिक प्रभावशाली होता है जो कैरियर के लिए आवश्यक है। अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ. मुक्ता गर्ग ने छात्राओं को कोर्स में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ रश्मि सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी इकाई 3 द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान संकाय की शिक्षिकाओं डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. संगीता गुप्ता, डॉ. जया वर्मा, डॉ. सुमेधा, डॉ. सुमायल, डॉ. रीमा, डॉ. रागिनी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सहारा

कानपुर । सोमवार ● 19 दिसम्बर ● 2022



# सीएसए में छात्रों को दिये गये कौशल व व्यक्तित्व विकास के टिप्स

कानपुर (एसएनबी)। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के गृह विज्ञान संकाय में रविवार को कार्यशाला आयोजित कर छात्रों को कौशल व व्यक्तित्व विकास से संबंधित टिप्स दिये गये।

मेधा लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष शुक्ला व स्टूडेंट रिलेशनशिप मैनेजर कृति द्विवेदी ने विद्यार्थियों को शिक्षा से रोजगार पाने के तरीकों का ज्ञान कराने के साथ ही स्वरोजगार व स्टार्टअप के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पढ़ाई के साथ ही संचार कौशल विकसित करने पर जोर दिया। अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ. मुक्ता गर्ग ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस इकाई-3 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रश्मि सिंह के संयोजन में किया गया। डॉ.अर्चना सिंह, डॉ.संगीता गुप्ता, डॉ.जया वर्मा, डॉ.सुमेधा, डॉ.सुमायल, डॉ.रीमा व डॉ.रागिनी उपस्थित रहीं।

दैनिक जागरण कानपुर 19/12/2022

# छात्राओं को सिखाए रोजगार कौशल के गुर

कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान संकाय में मेधा फाउंडेशन की ओर से छात्राओं के लिए रोजगार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष शुक्ला व स्टूडेंट रिलेशनशिप मैनेजर कृति द्विवेदी ने छात्राओं को शिक्षा से रोजगार पाने के तरीके बताए और स्वरोजगार व स्टार्टअप की जानकारी दी। अधिष्ठाता डा. मुक्ता गर्ग ने छात्राओं को कौशल विकास कोर्स में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। डा. रश्मि सिंह, डा. अर्चना आदि रहीं। वि.

# रोजगार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

कानपुर । सीएसए के गृह विज्ञान संकाय में रोज़गार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मेधा लर्निंग फ़ाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। ज्ञातव्य हो कि मेधा युवाओं को रोज़गार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास करने के लिए



शुरू की गई एक संस्था है। संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष शुक्ला एवं स्टूडेंट रिलेशनशिप मैनेजर कृति द्विवेदी ने छात्राओं को शिक्षा से रोजगार पाने के तरीके बताएं। तथा स्वरोजगार एवं स्टार्टअप के बारे में विभिन्न जानकारियां विस्तार से प्रदान की। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ कम्युनिकेशन स्किल्स पर छात्र छात्राओं का विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने यह भी बताया कि स्किल डेवलपमेंट की वजह से हमारा व्यक्तित्व और अधिक प्रभावशाली होता है। जो कैरियर के लिए अत्यधिक आवश्यक है ।इस कार्यशाला में अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ मुक्ता गर्ग ने अपने सम्बोधन में छात्राओं को कोर्स में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ रश्मि सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी इकाई 3 द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान संकाय की शिक्षिकाओं डा. अर्चना सिंह, डा.संगीता गुप्ता,डा.जया वर्मा, डा.सुमेधा, डा.सुमायल, डा.रीमा एवं डा.रागिनी आदि उपस्थित रही ।संकाय की 50 से अधिक छात्राओं ने काफी रुचि से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया एवं संस्था से संबंधित सभी बिंदुओके बारे में बात की।

# रोजगार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला



हिंदुस्तान का इतिहास

कानपुर-सीएसए के गृह विज्ञान संकाय में रोज़गार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया यह कार्यशाला मेधा लर्निंग फ़ाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया ज्ञातव्य हो कि मेधा युवाओं को रोज़गार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास करने के लिए शुरू की गई एक संस्था है संस्था के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष शुक्ला एवं स्टूडेंट रिलेशनशिप मैनेजर कृति द्विवेदी ने छात्राओं को शिक्षा से रोजगार पाने के तरीके बताएं तथा स्वरोजगार एवं स्टार्टअप के बारे में विभिन्न जानकारियां विस्तार से प्रदान की उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ कम्युनिकेशन स्किल्स पर छात्र छात्राओं का विशेष ध्यान केंद्रित किया उन्होंने यह भी बताया कि स्किल डेवलपमेंट की वजह से हमारा व्यक्तित्व और अधिक प्रभावशाली होता है जो कैरियर के लिए अत्यधिक आवश्यक है इस कार्यशाला में अधिष्ठाता गृह विज्ञान डॉ मुक्ता गर्ग ने अपने सम्बोधन में छात्राओं को कोर्स में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया कार्यक्रम का आयोजन डॉ रश्मि सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी इकाई 3 द्वारा किया गया कार्यक्रम में गृह विज्ञान संकाय की शिक्षिकाओं डा. अर्चना सिंह, डा.संगीता गुप्ता, डा.जया वर्मा, डा.सुमेधा, डा.सुमायल, डा.रीमा एवं डा.रागिनी आदि उपस्थित रही संकाय की 50 से अधिक छात्राओं ने काफी रुचि से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया एवं संस्था से संबंधित सभी बिंदुओ के बारे में बात की।

कान्फ्रेंस का आयोजन आगे भी करता रहेगा (ब्यूरो)

अमर उजाला 19/12/2022

# छात्राओं को दी रोजगार सृजन की जानकारी

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के गृह विज्ञान संकाय में रविवार को मेधा लर्निंग फाउंडेशन की ओर से रोजगार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर कार्यशाला हुई। क्षेत्रीय प्रबंधक मुनीष शुक्ला ने बताया कि स्किल डेवलपमेंट की वजह से हमारा व्यक्तित्व अधिक प्रभावशाली होता है। यह कॅरियर के लिए भी आवश्यक है। छात्राओं को रोजगार सृजन और कौशल विकास संबंधी टिप्स भी दिए गए। इस मौके पर डॉ. मुक्ता गर्ग, डॉ. रश्मि सिंह, कृति द्विवेदी, डॉ. अर्चना सिंह और डॉ. संगीता गुप्ता आदि मौजूद रहीं। (संवाद)

हिंदुस्तान कानपुर 19/12/2022

# पढ़ाई संग स्किल डेवलपमेंट भी जरूरी

कानपुर। सीएसए के गृह विज्ञान संकाय में रविवार को रोजगार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर कार्यशाला हुई। विशेषज्ञ मनीष शुक्ला व स्टूडेंट रिलेशनशिप मैनेजर कृति द्विवेदी ने छात्राओं को शिक्षा से रोजगार पाने के तरीके बताए। कहा, पढ़ाई के साथ-साथ स्किल डेवलपमेंट भी जरूरी है। इस मौके पर डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. संगीता गुप्ता, डॉ. जया वर्मा, डॉ. सुमेधा, डॉ. रीमा व डॉ. रागिनी रहीं।